# बद है बुरा बद से भी बदनाम बुरा है लिरिक्स

जिसमे दबे आत्मा,
वह काम बुरा है,
बद है बुरा बद से भी,
बदनाम बुरा है।bd।

---

बद की संगति में कभी,
पांव ना धरो,
एक पल का भी वहां,
कयाम बुरा है,
बद हैं बुरा बद से भी,
बदनाम बुरा है।bd।

---

जाम तो वही है जो,
अकल निखार दे,
जो अकल बिगाड़ दे,
वह जाम बुरा है,
बद हैं बुरा बद से भी,
बदनाम बुरा है।bd।

---

दिन है काम के लिए,
सोने को रात है,
नींद में कटे जो,
सुबह शाम बुरा है,
बद हैं बुरा बद से भी,
बदनाम बुरा है।bd।

---

जिंदगी जहान में,
हरकत का नाम है,
आलसी बनाए जो,
आराम बुरा है,
बद हैं बुरा बद से भी,
बदनाम बुरा है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिसकी जान और,
दिमाग पराधीन हो,
राजमहल में भी वह,
गुलाम बुरा है,
बद हैं बुरा बद से भी,
बदनाम बुरा है।bd।

लाख सर धुनो हजार,
कोशिशें करो,
'पथिक' बूरे काम का,
अंजाम बुरा है,
बद हैं बुरा बद से भी,
बदनाम बुरा है।bd।

जिसमे दबे आत्मा,
वह काम बुरा है,
बद है बुरा बद से भी,
बदनाम बुरा है।bd।

गायक – महेश कुमार मोनू।
मो. +91-9264206929

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com